# Previous Year Paper

# U.P. APO Main Examination, 2026

## Paper – I : सामान्य हिंदी

**समय : तीन घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

**1.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 1000 शब्दों में निबंध लिखिए
(क) राष्ट्रवाद के विविध पहलू
(ख) युद्ध काल में बुद्ध की प्रासंगिकता
(ग) भारतीय जीवनमूल्य पर बाज़ारवादी अर्थव्यवस्था का प्रभाव

[25]

**2.** निराशा कुंठा और प्रवंचना की जननी है। इसका अंतिम रूप पलायन है। यह कभी भी मानव या पशु को अपना नहीं बना सकती है। इससे लघुता एवं क्षुद्रता का जन्म होता है। व्यक्ति के मन में विविध प्रकार की ग्रंथियाँ उत्पन्न हो जाती हैं । वह कुंठाग्रस्त हो जाता है। हालाँकि आशा मनुष्य को मुक्त बनाती है और वह स्वच्छंद रूप से निर्भीक विचरण करता है। उसके मुखमंडल पर सौम्य स्मित बिखरी रहती है। वह सदा प्रफुल्लित रहता है और चतुर्दिक मानो प्रेम की वृष्टि करता है। निराशावादी चेहरा चिंता की रेखाओं से घिरा रहता है। वह सीमित घेरों का निर्माण करता है। हिसाबी आँखों से सदा संसार को देखता है। दूसरों के आनंद से दुःखी होना ही उसकी वृत्ति होती है।
(क) उपर्युक्त गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

[3]

(ख) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

[5]

(ग) अवतरित गद्यांश का समुचित शीर्षक दीजिए।

[2]

**3.** निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची शब्द लिखिए।
हेय, स्वच्छ, शरृंगार, प्रकाश, अनिवार्य

[5]

**4.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ स्पष्ट करते हुए इनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
मुमूर्षु, विक्रांत, लोकोत्तर, प्रत्यागत, क्रोध

(2x5=10)

**5.** निम्नलिखित शब्दों के विलोम रूप लिखिए।
प्रचुर, तम, तीव्र, आसक्त, प्रातः

[5]

**6.** निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।
बुद्धिमानता, निरपराधी, लब्धप्रतिष्ठित, एकत्रित, पौरुषत्व

[5]

**7.** निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए ।
काठ, खाई, समझ, माँ, सौरी

[5]

**8.** निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए।
(क) जिसे जीत लिया गया हो
(ख) आश से बहुत अधिक
(ग) जिसका संबंध उपन्यास से हो
(घ) जो कठिनाई से मिलता है
(ङ) वह स्थिति जब मुद्रा का चलन अधिक हो

[5]

**9.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।
(क) प्रियंका एक कचौड़ी खायी।



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

(ख) हम तो अवश्य ही जायेंगे।
(ग) जिलाधिकारी का कथन है कि सभी नियम का पालन करें।
(घ) घर का युद्ध विनाशकारी होता है
(ङ) धान की विविध प्रजाति की पौधे तैयार हैं।

[5]

**10.** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।
(क) पलक पाँवड़े बिछाना
(ख) सिर मुँडाते ओले पड़ना
(ग) ईंट से ईंट बजाना
(घ) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना
(ङ) कलेजा ठंडा होना

(2x5=10)

**11.** 'भारतीय ज्ञान परंपरा के औचित्य' पर संक्षेप में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

[5]

**12.** अपने क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा में लगातार हो रही वृद्धि की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 300 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

[10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
*(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*

# U.P. APO Main Examination, 2026

## Paper – II : GENERAL ENGLISH

**Time Allowed: One and half Hours** **Maximum Marks: 50**

**1.** Write an essay in English on any one of the following topics, in about 250 words.
(a) Gender equality in the 21t Century
(b) The future of humanity in a technological world.
(c) Sustainable development: Myth or Reality?

[20]

**2.** Make a precis of the following passage in your own words in about one-third of its length and suggest a suitable title to it.

Democracy is often regarded as the most equitable form of governance, as it grants citizens the power to choose their representatives. However, the effectiveness of democracy depends not merely on electoral processes but on the awareness and participation of the populace. When citizens become indifferent or uninformed, democracy risks degenerating into mere formality. Political manipulation, misinformation, and populist rhetoric can exploit such apathy, undermining the very principles of democratic governance. Therefore, the survival of democracy requires not only institutions but also a vigilant and responsible citizenry committed to critical engagement and informed decision-making.

Furthermore, the role of education becomes crucial in nurturing democratic values and fostering a sense of civic duty among individuals. Without a foundation of ethical awareness and rational inquiry, citizens may fall prey to divisive ideologies and short term promises. In such circumstances, democracy may continue in structure but lose its spirit, functioning without truly representing the will of the people.

(8+2=10)

**3.** Translate the following passage into English:

बाजीराव पेश्वा मराठा-सेना के प्रधान सेनापति थे। एक बार वे अनेक लड़ाइयों में विजय हासिल करके अपनी सेना सहित राजधानी लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने मालवा में अपनी सेना का पड़ाव डाला। बहुत दूर से चलते-चलते आ रहे उनके सैनिक थककर चूर हो गए थे। वे भूख-प्यास से व्याकुल थे और उनके पास खाने के लिए पर्याप्त सामग्री भी नहीं थी।

बाजीराव ने अपने एक सरदार को बुलाकर आदेश दिया, तुम अपने साथ सौ सैनिकों को लेकर जाओ और किसी खेत से फसल कटवाकर छावनी में ले आओ। सरदार सेना की टुकड़ी लेकर गाँव की ओर चल पड़ा। रास्ते में उसे एक किसान दिखाई दिया। सरदार ने उससे कहा, देखो, तुम मुझे इस इलाके के सबसे बड़े खेत पर ले चलो । किसान उन्हें एक बहुत बड़े खेत के पास ले गया। सरदार ने सैनिकों को आदेश दिया, सारी फसल काट लो और अपने-अपने बोरों में भर लो।

[10]

**4.** Translate the following passage into Hindi:

None of them knew the colour of the sky. Their eyes glanced level, and were fastened upon the waves that swept forward them. These waves were of the hue of slate, save for the tops, which were of foaming white, and all of the men knew the colour of the sea. The horizon narrowed and widened, and dipped and rose, and at all times its edge was jagged with waves that seemed thrust up in points like rocks.

Many a man ought to have a bath-tub larger than the boat which here rode upon the sea. These waves were most wrongfully and barbarously abrupt and tall, and each troth-top was a problem in small boat navigation.

The cook squatted in the bottom and looked with both eyes at the six inches of gunwale which separated him from the ocean.

[10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

# U.P. APO Main Examination, 2026

## Paper – III : GENERAL KNOWLEDGE

**Time Allowed: One and half Hours** **Maximum Marks: 50**

1. a) रोज़गार, उत्पादकता और आर्थिक असमानता पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव का उल्लेख करें। (शब्द सीमा-150)
Mention the impact of Artificial Intelligence on employment, productivity and economic inequality. (Word limit-150)
[5]

b) अंतर्राष्ट्रीय रक्षा आपूर्ति शृंखलाओं पर समकालीन वैश्विक संघर्षों के प्रभाव का मूल्यांकन करें। इन भू-राजनीतिक व्यवधानों और मानव रहित हवाई प्रणालियों (यू.ए.एस.) में तीव्र प्रगति ने मिलकर, रक्षा क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए भारत के अभियान को किस तरह गति प्रदान की है ? (शब्द सीमा-150)
Evaluate the impact of contemporary global conflicts on international defence supply chains. To what extent have these geopolitical disruptions, combined with rapid advancements in Unmanned Aerial Systems (UAS), accelerated India's drive for technological self-reliance (Atmnirbharta) in the defence sector? (Word limit-150)
[5]

2. a) वैदिक काल में अर्ध-खानाबदोश पशुपालन-आधारित अर्थव्यवस्था से स्थिर कृषि और 'जनपदों' की ओर हुए बदलाव के प्रभाव पर चर्चा करें। प्राचीन भारत में इस आर्थिक बदलाव ने जटिल शहरी शासन-प्रणाली और सांस्कृतिक पहचान के उदय को किस प्रकार सुगम बनाया?
Discuss the impact of Vedic period's transition from a semi-nomadic pastoral economy to settled agriculture and 'Janapadas'. How did this economic shift facilitate the emergence of complex urban governance and cultural identity in ancient India?
[5]

b) भारत में परिसीमन, प्रतिनिधित्व और संघीय संतुलन के बीच संबंधों का विश्लेषण करें। (शब्द सीमा-150)
Analyze the relationship between delimitation, representation and federal balance in India. (Word limit-150)
[5]

3. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखें: (शब्द सीमा-50 शब्द प्रत्येक)
Write notes on the following: (Word limit-50 words each)
a) आर्टेमिस कार्यक्रम।
Artemis Programme.
b) होर्मुज जलडमरूमध्य ।
Strait of Hormuz.
c) पीएम स्वनिधि।
PM SVANidhi.
d) डिजिटल इंडिया।
Digital India.
e) फेम इंडिया योजना ।
FAME India Scheme.
f) ऑपरेशन कायाकल्प ।
Operation Kayakalp.
g) मिशन शक्ति ।
Mission Shakti.
h) विशेष गहन पुनरीक्षण ।
Special Intensive Revision.
i) समुद्रयान परियोजना ।
Samudrayaan Mission.
j) सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम ।
Border Area Development Programme.
[10]

4. निम्नलिखित संक्षिप्ताक्षरों का पूर्ण रूप लिखिए:
Write the full form of following abbreviations:
a) ए.एन.आर.एफ.



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

ANRF

b) एन. सीआर.एफ.
NCrF

c) यू.एन.एच.सी.आर.
UNHCR

d) आई.टी.डी.सी.
ITDC

e) एच.टी.टी.पी.
HTTP.

[5]

5. निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम बताएं:
Name the authors of the following books:

i) इग्नाइटेड माइंड्स ।
Ignited Minds.

ii) गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स ।
God of Small Things.

iii) द अल्केमिस्ट।
The Alchemist.

iv) द काइट रनर।
The Kite Runner.

v) लाइफ ऑफ पाई।
Life of Pi.

[5]

6. निम्नलिखित किस खेल से संबंधित हैं?
With which sports are the following associated?

i) ईरानी ट्रॉफी
Irani Trophy

ii) डूरंड कप
Durand Cup

iii) एज़रा कप
Ezra Cup

iv) सुल्तान अजलन शाह कप
Sultan Azlan Shah Cup

v) दलीप ट्रॉफी
Duleep Trophy

[5]

7. निम्नलिखित व्यक्तियों ने किस क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की है?
In which field have the following persons achieved fame?

i) नर्गेस मोहम्मदी ।
Narges Mohammadi.

ii) डेमिस हसाबिस।
Demis Hassabis.

iii) लियो बाबुता ।
Leo Babauta.

iv) सिंधुताई सपकाल।
Sindhutai Sapkal.

v) स्वामी प्रेमानंद गोविंद शरण ।
Swami Premanand Govind Sharan.

[5]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

# U.P. APO Main Examination, 2026

**Paper – IV (Law - I) : CRIMINAL LAW AND PROCEDURE**

**Time Allowed: Three Hours** **Maximum Marks: 100**

## SECTION-A

1. a) एक चिड़िया को मार डालने और उसे चुरा लेने के आशय से 'अ' उस पर गोली चलाकर 'ब' को जो एक झाड़ी के पीछे है, मार डालता है किन्तु 'अ' यह नहीं जानता था कि 'ब' वहाँ है। 'अ' ने कौन-सा अपराध किया है? विवेचना कीजिए।
'A' by shooting at a fowl with intent to kill and steal it kills 'B', who is behind a bush, 'A' not knowing that he was there. What offence 'A' has committed?
[10]

b) 'अ' चोरी करने के आशय से 'ब' के घर में प्रवेश करता है। 'ब' तथा उसके घर के अन्य सदस्य 'अ' को घेरकर लाठियों से आक्रमण करते हैं। 'अ' अपने जीवन को संकट में पाकर झटके से पिस्तौल निकालकर गोली चला देता है जिससे 'ब' की मृत्यु हो जाती है। उपरोक्त तथ्यों का विश्लेषण करते हुए, 'अ' के आपराधिक दायित्व को समझाइये।
'A' enters into house of 'B' with the intention of committing theft. 'B' and other members of his family surrounded and attacked 'A' with Lathis. Finding his fife in danger 'A' whipped out a pistol and fired causing the death of 'B'. Analysing the above facts, discuss the criminal liability of 'A'.
[10]

## SECTION-B

2. a) 'अ' अपने कमरें में सो रहा था। जब 'अ' सोया था, तो 'ब' ने कमरे पर बाहर से ताला लगा दिया, लगभग दो घन्टे बाद 'ब' ने खुद ही ताला खोल दिया, लेखिन 'अ' इस तथ्य को नहीं जान सका क्योंकि वह सोया था। किसी ने 'अ' को बताया कि 'ब' को रात्रि में 'अ' के कमरे पर ताला लगाते देखा गया था। 'अ' ने 'ब' के विरुद्ध अनुचित बन्दीकरण के लिए क्षतिपूर्ति का मुकदमा चलाया। 'ब' ने प्रतिवाद में अभिवाक किया कि चूँकि 'अ' को सोते समय अपने बन्दीकरण का ज्ञान नहीं था। वह क्षतिपूर्ति का वाद नहीं ला सकता। निर्णय कीजिए।
'A' was sleeping in his room, 'B' locked the room from outside while 'A' was asleep. After about two hours 'B' unlocked the room, 'A' could not know of this fact since he was asleep. Somebody told 'A' that 'B' was seen locking 'A' room in the night. 'A' sued 'B' for damages for false imprisonment. In defence 'B' pleaded that since 'A' had no knowledge of his imprisonment while in sleep he could not therefore sue for damages. Decide.
[8]

b) 'ब' की जेब में 'अ' हाथ डालकर कुछ चुराने का प्रयत्न करता है। 'ब' की जेब में पिस्तौल थी जिससे गोली चल जाती है और 'ब' की मृत्यु हो जाती है। उपरोक्त तथ्यों का विश्लेषण करते हुए, 'अ' के आपराधिक दायित्व को समझाइये।
'A' makes an attempt to pick the pocket of 'B' by putting his hand in 'B's pocket. 'B' has a pistol in his pocket, which goes off and 'B' dies. Analysing the above facts, discuss the criminal liability of 'A'.
[6]

c) एक 13 वर्षीय लड़की अपने मामा के साथ मेला देखने गयी। मेले में भारी भीड़ के कारण वह अपने मामा से अलग हो गयी। उसको घर का पता भी याद नहीं रहा। वहाँ एक व्यक्ति ने उसको घर चलने को बहलाया-फुसलाया और घर ले गया। घर पर उस व्यक्ति ने उस लड़की का विवाह अपने पुत्र से करने की तैयारी की। इसी बीच पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। क्या वह व्यक्ति को व्यपहरण के लिए दण्डित किया जा सकता है? विवेचना कीजिए।
A 13 years old girl went to see a fete with her maternal uncle. Due to heavy crowd in fete, she became separated from her maternal uncle. She could not remember even address of her home. One person enticed her to go to his house and took her away to his home. There at his residence he made preparation for the marriage of this girl with his son. In the mean time this person was arrested by police. Will he be convicted for kidnapping? Discuss.
[6]

3. a) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में दण्डों के स्थगन, परिहार तथा लघुकरण के क्या प्रावधान है? ये प्रावधान दण्डों के क्षमादान, स्थगन, परिहार तथा लघुकरण के संवैधानिक प्रावधानों से किस प्रकार भिन्न हैं ? विवेचना कीजिए।
What are the provisions in the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 provided regarding suspension, remission and commutation of sentence? How do such provisions differ from Constitutional provisions of pardon, suspension, remission and commutation of sentence ? Discuss.
[10]

b) पुलिस रिपोर्ट पर संस्थित वारंट विचारण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।
Describe the procedure of warrant trial instituted on police report.
[5]

c) अपराध का अन्वेषण क्या है ? इसकी विभिन्न अवस्थाओं की विवेचना कीजिए।
What is investigation of crime ? Discuss its various stages.



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

[5]

4. a) 'परिवाद' से आपका क्या आशय है ? इसके आवश्यक तत्व बताइये। उस प्रक्रिया का वर्णन कीजिए जिसका मजिस्ट्रेट पालन करेगा जब कोई परिवाद उससे किया जाता है।
What do you mean by a 'complaint' ? Explain its essentials, state the procedure that a Magistrate shall follow when a complaint is made to him.
[10]

b) न्यायालय द्वारा बिना दण्ड दिये अच्छा आचरण रखने के लिए कब और किन-किन व्यक्तियों से प्रतिभूति की माँग की जा सकती है ? स्पष्ट कीजिए।
Explain from whom and when the security for keeping peace and good behaviour can be asked by the court without being convicted of any offence.
[10]

5. a) 'आरोप' को परिभाषित कीजिए। सुसंगत संविधिक प्रावधानों की सहायता से आरोपों के संयोजन का वर्णन कीजिए।
Define 'charge'. Discuss the joinder of charges with help of relevant statutory provisions.
[10]

b) अजमानतीय अपराधों में अभियुक्त की जमानत अधिकार स्वरूप स्वीकृत नहीं की जा सकती। इसे विधिक प्रावधानों तथा निर्णीत वादों से स्पष्ट कीजिए।
In non-bailable offences, bail cannot be granted to the accused as a matter of right. Elucidate it with reference to the legal provisions and decided cases.
[10]

**SECTION-C**

6. a) "गम्भीर और अचानक प्रकोपन" से सम्बन्धित भारतीय न्याय संहिता, 2023 में समाविष्ट कानून की विवेचना कीजिए और बताइए कि किस सीमा तक यह अभियुक्त की हत्या के लिए दायित्व को कम कर देता है। अपने उत्तर में महत्वपूर्ण वादों को निर्दिष्ट कीजिए।
Discuss the law relating to "grave and sudden provocation" as contained in the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 and state the extent to which it mitigates the liability of an accused for the offence of murder. Refer to the case law to illustrate your answer.
[10]

b) दुराशय के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। इसका प्रयोग भारतीय न्याय संहिता, 2023 में किस प्रकार किया गया है? विवेचना कीजिए।
Explain the doctrine of mens rea. How is it applied in the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023? Discuss.
[5]

c) सामान्य आशय की परिभाषा कीजिए तथा सामान्य उद्देश्य से इसके अन्तर को स्पष्ट कीजिए।
Define common intention and distinguish it from common object.
[5]

7. a) दण्ड न्यायालयों के विभिन्न वर्ग कौन-से हैं ? सेशन न्यायालय तथा उन दण्डादेशों की व्याख्या कीजिए जो सेशन न्यायालय पारित कर सकता है।
What are the various classes of criminal courts ? Explain about the Court of Sessions and sentences which the sessions court may pass.
[10]

b) संक्षिप्त विचारण क्या होता है? संक्षिप्त विचारण के लिए कौन-सी प्रक्रिया अपनायी जाती है ? अगर वादी वाद की तिथि पर हाजिर न हो तो इस तरह के वाद पर क्या असर पड़ेगा ? विवेचना कीजिए।
What is Summary Trial ? What procedure is adopted in Summary Trial ? What is the effect of the trial if the complainant is absent on the date fixed for trial ? Discuss.
[10]

8. a) संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य तथा झपटमारी शब्दों की व्याख्या कीजिए।
Explain the terms organised crime, terrorist act and snatching.
[10]

b) 'विधि विरुद्ध जमाव' से आप क्या समझते है ? कब एक शान्तिपूर्वक जमाव विधि विरुद्ध जमाव में परिवर्तित हो जाता है ? विवेचना कीजिए।
What do you mean by "Unlawful Assembly" ? When can a peaceful assembly turn into unlawful assembly ? Discuss.
[5]

c) आपराधिक न्यास भंग क्या है ? इस अपराध के मुख्य तत्व क्या है ? व्याख्या कीजिए।
What is criminal breach of trust ? What are elements of this offence ? Explain.
[5]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

9. a) प्रथम सूचना रिपोर्ट के अर्थ, उपयोगिता तथा महत्व पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिये।
Write an explanatory note on the meaning, utility and significance of the first information report.
[8]

b) संज्ञेय और असंज्ञेय अपराधों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
Distinguish between cognizable and non-cognizable offence.
[6]

c) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में जमानत सम्बन्धी उपबन्धों की व्याख्या कीजिए।
Discuss the provisions relating to bail in the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita.
[6]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

# U.P. APO Main Examination, 2026

**Paper – V (Law - II) : SAKSHYA ADHINIYAM**

**Time Allowed: Three Hours** **Maximum Marks : 100**

1. (a) 'मृत्युकालीन घोषणा' से आपका क्या तात्पर्य है? भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत मान्यता-प्राप्त मृत्युकालीन घोषणा के प्रकारों की विवेचना कीजिए। क्या संकेतों या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग को वैध मृत्युकालीन घोषणा माना जा सकता है ? सुसंगत न्यायिक निर्णयों की सहायता से इसकी विवेचना कीजिए।
What do you mean by 'Dying Declaration'? Discuss the forms of dying declaration recognized under Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023. Can gestures or electronic recordings be considered valid dying declarations? Discuss with the help of relevant judicial decisions. [10]

(b) (i) किसी अंडरराइटर के विरुद्ध एक दावे का प्रतिरोध कपट के आधार पर किया जाता है। दावेदार से पूछा जाता है कि क्या उसने पिछले किसी संव्यवहार में कपटपूर्ण दावा नहीं किया था। वह इससे इंकार करता है। यह दर्शित करने के लिए साक्ष्य प्रस्थापित किया जाता है कि उसने ऐसा दावा सचमुच किया था। क्या यह साक्ष्य ग्राह्य है? कारणों सहित उत्तर दीजिए।
A claim against an underwriter is resisted on the ground of fraud. The claimant is asked whether in a former transaction, he had not made a fraudulent claim. He denies it. Evidence is offered to show that he did make such a claim. Is this evidence admissible? Answer with reasons. [5]

(ii) ख की हत्या के लिए क को विचारित किया जाता है। यह तथ्य कि ख ने क पर अपमान-लेख के लिए अभियोजन चलाया था और क को दोषसिद्ध और दण्डित किया गया था, क्या यह तथ्य साक्ष्य में सुसंगत है? कारणों सहित उत्तर दीजिए।
A is tried for the murder of B. The fact that B prosecuted A for libel and that A was convicted and sentenced, is this fact as evidence? Answer with reasons. [5]

2. (a) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत विशेषज्ञ राय की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। विशेषज्ञ कौन माना जाता है? न्यायिक कार्यवाहियों में विशेषज्ञ साक्ष्य की सुसंगतता और ग्राह्यता की विवेचना कीजिए।
Explain the concept of expert opinion under the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023. Who qualifies as an expert? Discuss the relevancy and admissibility of expert evidence in judicial proceedings. [10]

(b) (i) जहाँ प्रश्न यह है कि क्या क, ख का धर्मज पुत्र है, वहाँ क्या यह तथ्य साक्ष्य हेतु सुसंगत है कि कुटुम्ब के सदस्यों द्वारा क को सदैव उस रूप में माना जाता था? कारणों सहित उत्तर दीजिए।
Where the question is whether A is the legitimate son of B, is it relevant as evidence that A was always treated as such by the members of the family? Answer with reasons. [5]

(ii) ख से कतिपय निबन्धनों पर क नील के परिदान के लिए लिखित में संविदा करता है। संविदा इस तथ्य का वर्णन करती है कि ख ने क को किसी अन्य अवसर पर मौखिक रूप से संविदाकृत अन्य नील का मूल्य चुकाया था। मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किया जाता है कि अन्य नील के लिए कोई संदाय नहीं किया गया। इस मौखिक साक्ष्य की ग्राह्यता का परीक्षण कीजिए।
A contracts in writing with B, for the delivery of indigo upon certain terms. The contract mentions the fact that B had paid A the price of other indigo contracted for verbally on another occasion. Oral evidence is offered that no payment was made for the other indigo. Examine the admissibility of this oral evidence. [5]

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
Write a short note on any four of the following:
(a) "साबित" और "नासाबित"
"Proved" and "Disproved"
(b) सूचक प्रश्न
Leading Question
(c) विवाद्यक तथ्य
Facts in Issue
(d) लोक एवं प्राइवेट दस्तावेज़
Public and Private Documents
(e) कौन साक्ष्य दे सकेगा?
Who may testify?
(f) स्मृति को ताज़ा करना
Refreshing Memory



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

[5×4=20]

4. (a) एक मुवक्किल और अधिवक्ता के मध्य कौन-सी व्यावसायिक संसूचनाएँ विशेषाधिकार के अंतर्गत आती हैं तथा कौन-सी नहीं? क्या यह विशेषाधिकार ऐसे अधिवक्ता के लिपिकों तथा सेवकों को भी उपलब्ध है?
Which professional communications between a client and an advocate are privileged and which are not? Does such privilege extend to the clerks and servants of such advocates?
[10]

(b) (i) क साशय और मिथ्या रूप से ख को यह विश्वास करने के लिए प्रेरित करता है कि अमुक भूमि क की है, और उसके द्वारा ख को उसे क्रय करने और उसका मूल्य चुकाने के लिए उत्प्रेरित करता है। तत्पश्चात् भूमि क की संपत्ति हो जाती है और क इस आधार पर कि विक्रय के समय उसका उसमें हक नहीं था, विक्रय अपास्त करने की वांछा करता है। क्या उसे अपने हक का अभाव साबित करने दिया जाएगा?
A intentionally and falsely leads B to believe that certain land belongs to A, and thereby induces B to buy and pay for it. The land afterwards becomes the property of A, and A seeks to set aside the sale on the ground that, at the time of the sale, he had no title. Will he be allowed to prove his want of title?
[5]

(ii) किसी साक्षी से, जिसके बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है, यादच्छिक यह पूछा जाता है कि क्या वह एक डकैत है। क्या अधिवक्ता के लिए न्यायालय के समक्ष ऐसा प्रश्न उठाना युक्तियुक्त है?
A witness, of whom nothing whatever is known, is asked at random whether he is a dacoit. Is it reasonable for the advocate to put such a question before the Court?
[5]

5. (a) "प्राथमिक साक्ष्य" एवं "द्वितीयक साक्ष्य" का क्या अर्थ है? उन परिस्थितियों की विवेचना कीजिए जहाँ एक दस्तावेज़ की विषय-वस्तु के संबंध में द्वितीयक साक्ष्य दिया जा सकता है।
What is meant by "Primary evidence" and "Secondary evidence"? Discuss the circumstances in which secondary evidence relating to contents of a document may be given.
[10]

(b) "न्यायिक रूप से अवलोकनीय तथ्य साबित करना आवश्यक नहीं है।" चर्चा कीजिए। वे कौन-से तथ्य हैं जिनका न्यायिक अवलोकन न्यायालय को करना पड़ता है?
"Facts judicially noticeable need not be proved." Discuss. What are those facts of which the court must take judicial notice?
[10]

6. सबूत का भार विषय के सन्दर्भ में सामान्य नियम की व्याख्या कीजिए तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रावधानों का सन्दर्भ देते हुए संक्षेप में इस नियम के अपवाद बताइए।
Explain the general rule regarding the burden of proof and point out its exceptions briefly referring to their provisions in the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023.
[10]

7. (a) "स्वीकृति" तथा "संस्वीकृति" में अंतर स्थापित कीजिए। एक वैध संस्वीकृति के आवश्यक तत्त्वों की संक्षेप में विवेचना कीजिए। क्या न्यायालय एक अभियुक्त की संस्वीकृति के एकल आधार पर उसे दण्डित कर सकता है?
Distinguish between "Admission" and "Confession". Discuss in brief the essentials of a valid confession. Can the Court convict an accused solely on the basis of his confession?
[10]

(b) (i) ख पर क एक हजार रुपए के लिए वाद लाता है और अपनी लेखा बहियों की वे प्रविष्टियाँ दर्शित करता है, जिनमें ख को इस रकम के लिए उसका ऋणी दर्शित किया गया है। इन प्रविष्टियों की सुसंगतता का भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के आलोक में परीक्षण कीजिए।
A sues B for one thousand rupees, and shows entries in his account books showing B to be indebted to him for this amount. Examine the relevance of these entries in the light of the provisions of the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023.
[5]

(ii) ग की हत्या करने के लिए क का विचारण हो रहा है। यह दर्शित करने के लिए साक्ष्य है कि ग की हत्या क और ख द्वारा की गई थी, और यह कि ख ने कहा था कि "क और मैंने ग की हत्या की है"। क्या न्यायालय इस कथन को क के विरुद्ध विचार में ले सकेगा?
A is on trial for the murder of C. There is evidence to show that C was murdered by A and B, and that B said - "A and I murdered C". Can this statement be taken into consideration by the Court against A?
[5]

8. (a) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत रेस जेस्टे के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। यह श्रुतजन्य साक्ष्यों के विरुद्ध सामान्य नियम से किस प्रकार भिन्न है?



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

Explain the doctrine of Res Gestae under the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023. How does it differ from the general rule against hearsay evidence?

[10]

(b) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत 'सह-अपराधी' की अवधारणा को संक्षेप में समझाइए। इस बात की विवेचना कीजिए कि क्या सह-अपराधी एक सक्षम गवाह है और आपराधिक मामलों में सह-अपराधी की गवाही के साक्ष्यिक महत्त्व का परीक्षण कीजिए। सुसंगत विधिक प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों का हवाला दीजिए।

Explain in brief the concept of an 'accomplice' under the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023. Discuss whether an accomplice is a competent witness and examine the evidentiary value of accomplice testimony in criminal trials. Refer to relevant legal provisions and judicial decisions.

[10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

# U.P. APO Main Examination, 2026

**Paper – VI (Law - III) : ANYA ADHINIYAM**

**Time Allowed: Three Hours** **Maximum Marks: 100**

1. (a) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपनाए गए व्याख्यात्मक दृष्टिकोण की चर्चा कीजिए, जिसमें "त्वचा-से-त्वचा संपर्क" और "शारीरिक संपर्क" की संकीर्ण व्याख्या को अस्वीकार किया गया है। उद्देश्यपूर्ण व्याख्या का सिद्धांत और सूत्र 'अट रेस मेजिस वलिएट क्वाम पेरीट' पॉक्सो (POCSO) अधिनियम, 2012 पर कैसे लागू होता है?
Discuss the interpretative approach adopted by the Supreme Court, wherein the narrow interpretation of "skin-to-skin contact" and "physical contact" was rejected. How does the principle of purposive interpretation and the maxim 'ut res magis valeat quam pereat' apply to the POCSO Act, 2012?
[10]

(b) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत “अनुचित साधन” को परिभाषित कीजिए तथा इसके क्षेत्र (सीमा) का वर्णन कीजिए, जिसमें परीक्षार्थियों द्वारा किए गए कृत्य, तृतीय पक्ष जैसे सॉल्वर गैंग के कृत्य तथा तंत्रगत/संस्थागत धोखाधड़ी सम्मिलित हों।
Define “Unfair Means” under the Uttar Pradesh Public Examination (Prevention of Unfair Means) Act, 2024 and explain its scope covering acts by candidates, acts by third parties like solver gangs and systemic/institutional frauds.
[10]

2. (a) राज्य सरकार, आयुध अधिनियम के अंतर्गत एक अधिसूचना जारी करती है, जिसमें किसी विशेष क्षेत्र को 'अशांत क्षेत्र' घोषित कर दिया जाता है और शस्त्र लाइसेंसधारियों को भी सार्वजनिक स्थानों पर हथियार ले जाने से प्रतिबंधित कर दिया जाता है। A, जो एक शस्त्र लाइसेंसधारी है, इस प्रतिबंध को अपने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए चुनौती देता है। ऐसे प्रतिबंधों की संवैधानिक वैधता पर चर्चा कीजिए। आयुध अधिनियम, 1959 और भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक अधिकारों के बीच अंतर्संबंध का परीक्षण कीजिए।
The State Government issues a notification under the Arms Act declaring a particular area as 'disturbed area' and prohibits the carrying of arms, even by license holders, in public places. A, an arms license holder, challenges this restriction as violative of his fundamental rights. Discuss the constitutional validity of such restrictions. Examine the interplay between the Arms Act, 1959 and the fundamental rights under the Constitution of India.
[10]

(b) (i) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 118 के अंतर्गत 'उपधारणा' आपराधिक कानून के मूलभूत सिद्धांत को उलट देती है। दहेज मृत्यु मामलों के संदर्भ में इस कथन का परीक्षण कीजिए और यह विश्लेषण कीजिए कि क्या सिद्ध करने (सबूत) के भार (बर्डन ऑफ प्रूफ) का ऐसा उलटाव संवैधानिक रूप से उचित है।
The 'presumption' under Section 118 of the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 reverses the fundamental principle of criminal law. Examine this statement in the context of dowry death cases and analyse whether such reversal of the burden of proof is constitutionally justified.
[5]

(ii) न्यायपालिका किस प्रकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को झूठे आरोपों से संरक्षण प्रदान करने तथा आरोपित व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मध्य, संविधान के अनुच्छेद 14, 19 एवं 21 के अंतर्गत, संतुलन स्थापित करती है?
How does the judiciary maintain the balance between the protection of SC/ST persons from false implication and personal liberty of the accused under Articles 14, 19 and 21 of the Constitution?
[5]

3. (a) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत संपत्ति की कुर्क़ी और ज़ब्ती से संबंधित प्रावधानों की विवेचना कीजिए।
Discuss the provisions related to the attachment and forfeiture of property under the Uttar Pradesh Gangsters and Anti-Social Activities (Prevention) Act, 1986.
[10]

(b) (i) 'A', जो कि XYZ प्राइवेट लिमिटेड का एक पूर्व कर्मचारी था, नौकरी से निकाले जाने के बाद, उसने अपने पुराने लॉगिन क्रेडेंशियल्स से, जो अभी तक निष्क्रिय नहीं किए गए थे, का उपयोग करके कंपनी के कंप्यूटर नेटवर्क में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया। उसने गोपनीय ग्राहक डेटा डाउनलोड किया, महत्त्वपूर्ण परियोजना फ़ाइलें हटा दीं तथा सर्वर में एक वायरस भी डाल दिया जिससे सिस्टम क्रैश हो गया, और कंपनी को ₹ 15 लाख की वित्तीय हानि हुई। उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत 'A' के दीवानी एवं आपराधिक दायित्व का विश्लेषण कीजिए।
'A', an ex-employee of XYZ Pvt. Ltd., after being terminated from service, gained unauthorized access to the company's computer network using his old login credentials that had not yet been deactivated. He downloaded confidential client data, deleted important project files and also introduced a virus into the



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

server, causing a system crash that resulted in a financial loss of ₹ 15 lakh to the company. In the light of the above facts, analyse the civil and criminal liability of 'A' under the Information Technology Act, 2000.

[5]

(ii) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13 के अंतर्गत "आपराधिक कदाचार" के अपराध को स्पष्ट कीजिए। 'अनुपातहीन परिसंपत्ति के कब्जे' से क्या तात्पर्य है?
Explain the offence of "criminal misconduct" under Section 13 of the Prevention of Corruption Act, 1988. What is meant by 'possession of disproportionate assets'?

[5]

4. (a) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर परिपूर्ण किन्तु संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
Write complete but brief notes on any two of the following:

(i) पॉक्सो (POCSO) अधिनियम, 2012 के अंतर्गत 'यौन उत्पीड़न' किन कृत्यों से गठित होता है तथा इसके लिए क्या दंड निर्धारित किया गया है?
What constitutes 'sexual harassment' under the POCSO Act, 2012 and what is the punishment prescribed for it?

(ii) दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के अंतर्गत "दहेज" शब्द को परिभाषित कीजिए।
Define the term "dowry" under the Dowry Prohibition Act, 1961.

(iii) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अंतर्गत "लोक सेवक" कौन है? क्या कोई लोक सेवक विधिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त परितोषण स्वीकार करने के लिए उत्तरदायी हो सकता है?
Who is considered a "public servant" under the Prevention of Corruption Act, 1988? Can a public servant be held liable for accepting gratification other than legal remuneration?

(iv) 'इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड' और 'डिजिटल हस्ताक्षर' को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत परिभाषित कीजिए और उनकी विधिक वैधता की जाँच कीजिए।
Define 'Electronic Record' and 'Digital Signature' as provided under the Information Technology Act, 2000 and examine their legal validity.

[5×2=10]

(b) निम्नलिखित के उत्तर दीजिए:
Answer the following:

(i) श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ, AIR 2015 SC 1523 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66A को निरस्त करने के कारणों की चर्चा कीजिए।
Discuss the reasons for striking down Section 66A of the Information Technology Act, 2000 by the Supreme Court in Shreya Singhal v. Union of India, AIR 2015 SC 1523.

[5]

(ii) लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 के अंतर्गत निर्दिष्ट लोक संपत्ति के संबंध में रिष्टि करने पर दंड की चर्चा कीजिए। यह सामान्य रिष्टि से किस प्रकार भिन्न है?
Discuss the punishment for committing mischief in respect of specified public property under the Prevention of Damage to Public Property Act, 1984. How does it differ from general mischief?

[5]

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
Write short notes on any four of the following:

(a) उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत 'गुंडा' शब्द को परिभाषित कीजिए।
Define the term 'Goonda' as provided under the Uttar Pradesh Control of Goondas Act, 1970.

(b) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत 'साइबर-आतंकवाद' शब्द को परिभाषित कीजिए।
Define the term 'Cyber-Terrorism' as provided under the Information Technology Act, 2000.

(c) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत 'आवश्यक वस्तु' शब्द को परिभाषित कीजिए।
Define the term 'Essential Commodity' as provided under the Essential

(d) उत्तर प्रदेश विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के अंतर्गत 'धर्म संपरिवर्तन' शब्द को परिभाषित कीजिए।
Define the term 'Conversion' as provided under the Uttar Pradesh Prohibition of Unlawful Conversion of Religion Act, 2021.

(e) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप' शब्द को परिभाषित कीजिए।
Define the term 'Unlawful Activity' as provided under the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

(f) पॉक्सो (POCSO) अधिनियम, 2012 के अंतर्गत 'अपराध का दुष्प्रेरण' को स्पष्ट कीजिए।
Explain 'abetment of an offence' under the POCSO Act, 2012.

[5×4=20]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

6. उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2020 द्वारा प्रस्तावित मूल अधिनियम, 1955 में किए गए प्रमुख संशोधनों की दंड, जमानत के प्रावधानों और सबूत के भार (बर्डन ऑफ प्रूफ) के संदर्भ में जाँच कीजिए।
Examine the key amendments introduced by the Uttar Pradesh Prevention of Cow Slaughter (Amendment) Act, 2020 to the original Act of 1955, with reference to punishment, bail provisions and the burden of proof.

[20]

7. (a) उत्तर प्रदेश विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के अंतर्गत किसी धर्म परिवर्तन को विधिसम्मत मानने के लिए कौन-सी आवश्यक शर्तें पूरी करनी चाहिए और जब धर्म परिवर्तन मिथ्या व्यपदेशन, बल प्रयोग या प्रलोभन द्वारा कराया जाए तो उसके क्या दंडात्मक परिणाम होते हैं? स्पष्ट कीजिए।
Under the Uttar Pradesh Prohibition of Unlawful Conversion of Religion Act, 2021, what are the essential conditions that must be fulfilled for a religious conversion to be considered lawful, and what are the penal consequences that arise when conversion is effected through misrepresentation, force or allurement? Explain.

(b) निम्नलिखित को कारण सहित स्पष्ट कीजिए:
Explain the following with reasons:

(i) X, एक विश्वविद्यालय का छात्र है, जो एक संगोष्ठी में भाग लेता है, जहाँ एक वक्ता भारत से एक क्षेत्र के अलगाव की माँग करता है। X उस भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करता है और इस मामले के समर्थन में पर्चे (पैम्फलेट्स) वितरित करता है। तत्पश्चात्, आयोजक संस्था को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 के अंतर्गत "विधिविरुद्ध संगठन" घोषित कर दिया जाता है।
X, a university student, attends a seminar, where a speaker demands the secession of a region from India. He shares the speech video on social media and distributes pamphlets supporting the cause. Subsequently, the organizing body is declared an "Unlawful Association" under Section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.
निम्नलिखित के उत्तर दीजिए:
Answer the following:

(I) क्या X को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत एक विधिविरुद्ध संगठन की सदस्यता या समर्थन के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सकता है और अभियोजन पक्ष को ऐसी देयता सिद्ध करने के लिए क्या स्थापित करना होगा?
Can X be held liable for the membership of or support to, an unlawful association under the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, and what must the prosecution establish to prove such liability?

(II) क्या सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करना विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अर्थ में "विधिविरुद्ध क्रियाकलाप" की श्रेणी में आता है?
Does sharing the video on social media amount to an "Unlawful Activity" within the meaning of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967?

[$2^1/_2$×2=5]

(ii) रमेश, गेहूँ का एक थोक व्यापारी, कमी के समय अपने गोदाम में 5,000 क्विंटल गेहूँ संग्रहीत करता है। राज्य सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत प्रति व्यापारी गेहूँ की अधिकतम स्टॉक सीमा 1,000 क्विंटल निर्धारित की थी। रमेश का दावा है कि गेहूँ निर्यात के उद्देश्य से संग्रहीत किया गया था, अतः स्टॉक सीमा आदेश उस पर लागू नहीं होता है। क्या रमेश आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत जमाख़ोरी का दोषी है? क्या वह यह बचाव ले सकता है कि स्टॉक निर्यात हेतु था और इसलिए आदेश से मुक्त है?
Ramesh, a wholesale trader of wheat, stores 5,000 quintals of wheat in his warehouse during a period of scarcity. The State Government had issued an order under Section 3 of the Essential Commodities Act, 1955, fixing the maximum stock limit of wheat at 1,000 quintals per trader. Ramesh claims that the wheat was stored for export purposes, and hence the stock limit order does not apply to him. Is Ramesh guilty of hoarding under the Essential Commodities Act, 1955? Can he take the defence that the stock was meant for export and thus exempted from the order?

[5]

8. दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961, भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 80 एवं 85 के साथ पठित, विवाहित महिलाओं को दहेज संबंधी उत्पीड़न तथा मृत्यु से सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक समेकित विधिक ढाँचा निर्मित करता है। इस एकीकृत ढाँचे का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए, साथ ही 'दहेज मृत्यु' के आवश्यक तत्त्वों, दहेज की माँगों के संदर्भ में 'क्रूरता' की अवधारणा, उपलब्ध साक्ष्यिक उपधारणाओं और उन कमियों का विवेचन कीजिए जो पीड़ितों को पर्याप्त राहत से वंचित रखती हैं।
The Dowry Prohibition Act, 1961, read with Sections 80 and 85 of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), 2023, forms a comprehensive legal framework for the protection of married women from dowry-related harassment and death. Analyse this integrated framework critically, discussing the essentials of 'dowry death', the concept of 'cruelty' in the context of dowry demands, the evidentiary presumptions available and the shortcomings that still leave victims without adequate redress.

[20]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)